फिल्टर प्लांट : सफाई का रजिस्टर मैंटेन नहीं, लेब में सामग्री अनुपलब्ध

कैसे मिलेगा शहर को स्वच्छ जल?

वाटर फिल्टर प्लांट पर लापरवाही अनेक

नवभारत न्यूज

रतलाम। शहर में स्वच्छ जल वितरण व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारी कितने लापरवाह है इसका उदाहरण मोरवानी स्थित वाटर फिल्टर

पूरा शहर गंदे पानी से परेशान, जिम्मेदारों का सुधार पर नहीं ध्यान

प्लांट की लापरवाही उजागर कर रही हैं। यहां कई गंभीर अनियमिताएं चल रही हैं। इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा निरीक्षण के बाद इसे सुधारने की सूध नहीं ली गई।

मोरवानी स्थित वाटर फिल्टर प्लांट पर रजिस्टर में ड्यूटी लिस्ट अनुसार अनुपस्थित कर्मचारी हैं। लेब टेक्नीशियन के पास प्लांट पर आवश्यक सामग्री भी नहीं हैं। प्लांट सफाई के रजिस्टर मेंटेन नहीं किए जा रहे हैं। इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाओं पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। प्लांट का नियमित निरीक्षण और पेयजल वितरण के पूर्व जांच सहित अन्य आवश्यक जरूरी कार्य नियमित किए जाने चाहिए। लेकिन अधुरी व्यवस्था और लापरवाही से यह संभवन नहीं होता दिख रहा हैं। ऐसे में शहर को स्वच्छ जल वितरण होना संभवन नहीं हैं। इस लिए पूरे शहर में हर तरफ गंदा पानी मिलना और वितरण होने की शिकायत आना लाजमी हैं। इसके बावजूद भी जिम्मेदार इतने लापरवाह है कि कोई सूध नहीं ले रहा और सुधार भी नहीं हो रहा हैं। धन्यवाद कलेक्टर मैडम, आपने शहर की जनता की चिंता करते हुए इस ओर ध्यान दिया। अब इनके निरीक्षण के बाद अब सुधार की उम्मीद जगी हैं।

कलेक्टर ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट मोरवनी का किया निरीक्षण

कलेक्टर मिशा सिंह ने शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त अनिल भाना, शहर एसडीएम आर्ची हरित, नायब तहसीलदार मनोज चौहान सहित संबंधित अधिकारियों के साथ मोरवानी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्लांट में जहां भी मरम्मत कार्य आवश्यक है उसका टेंडर कराया जाए। पेयजल सेम्पल कार्य निरंतर एवं नियमित किया जाए और वार्ड में भी पेयजल के सेम्पल ले। कलेक्टर ने सेम्पल एवं सफाई व्यवस्था का रजिस्टर चेक किया मौके पर ही पेयजल के नमूने संग्रहित कराए और पानी की जांच कराई। टेक्निशियन ने बताया कि पानी में टर्विडिटी, क्लोराईड, कंडक्टिविटी, हार्डनेस, पीएच, ईकोलाई आदि कि जांच की सुविधा उपलब्ध है। उन्होने बताया कि पानी की बैक्टेरियल जांच की रिपोर्ट 24 घण्टे में मिल पाती है। कलेक्टर ने जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि वे भी रेंडम आधार पर पेयजल की रिपोर्ट प्राप्त करें। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि पेयजल व्यवस्था के संबंध में निरोधात्मक कार्यवाही करें, उन्होने कहा कि कार्ययोजना इस प्रकार बनाये कि शिकायत की गुंजाईश न रहें, उन्होने कहा कि शहर में टीम गठित कर सर्वे कार्य प्रारंभ कराए, सर्वे में नालियों में लिकेज, सिवरेज में लिकेज, कंस्ट्रक्शन साईट का चिन्हांकन करें ताकि पेयजल में अशुद्धि मिलने की संभावना न रहे। कमिया पाये जाने पर उन्होंने कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने गंदे पानी मिलने की शिकायत वाले करमदी रोड तथा चांदनी चौक सहित अन्य वार्डों में चल रहे पाइप लाइन सुधार एवं टेस्टिंग कार्य का निरीक्षण किया।

3 अधिकारियों को नोटिस

कलेक्टर द्वारा मोरवानी स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर में ड्यूटी लिस्ट अनुसार अनुपस्थित कर्मचारी , लेब टेक्नीशियन के पास प्लांट पर आवश्यक सामग्री की अनुपलब्धता एवं प्लांट सफाई के रजिस्टर मेंटेन नहीं होने के कारण आयुक्त नगर निगम अनिल भाना ने जल प्रदाय विभाग के कार्यपालन यंत्री राहुल जाखड़, सहायक यंत्री सुहास पंडित, उपयंत्री भैयालाल चौधरी, उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह, उपयंत्री अनुपम मिश्रा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 3 दिवस मे प्रतिउत्तर प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया है । नियत 3 दिवस में उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

दूषित पानी की घटना को देख प्रशासन, नगर निगम सतर्क होकर कार्रवाई करें : पूर्व गृहमंत्री

नवभारत न्यूज

रतलाम। इंदौर शहर में सीवरेज लाइन का दूषित पानी पेयजल की पाइपलाइन में मिल जाने की अत्यंत गंभीर घटना सामने आई है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारण न केवल अनेक नागरिक बीमार हुए हैं, बल्कि अब तक 14 लोगों की असमय मृत्यु हो चुकी है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम को सतर्क रहते हुए तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने के लिए आगाह किया है। कोठारी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब इस प्रकार की शिकायतें सामने आई हों। पूर्व में भी चौमुखीपूल, घास बाजार, खेरातीवास एवं पैलेस रोड जैसे क्षेत्रों से दूषित पानी की आपूर्ति की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। उस समय मैं स्वयं नागरिकों के साथ नगर निगम कार्यालय पहुंचे था और नगर निगम आयुक्त को शिकायत दर्ज कर तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया था, इसके बावजूद व्यवस्था सुधारने में लगभग 15 दिन का समय लग गया था। उन्होंने बताया कि समाचार पत्रों में भी समय-समय पर अनेक क्षेत्रों में दूषित जल आपूर्ति की खबरें प्रकाशित होती रही हैं। यह भी देखने में आया है कि जब सीवरेज का पानी पेयजल की लाइन में मिल जाता है, तब नगर निगम अपनी जिम्मेदारी सीवरेज सिस्टम बनाने वाली कंपनी पर डालकर अपने दायित्वों से बचने का प्रयास करता है, वहीं संबंधित कंपनी भी शिकायतों पर समुचित कार्रवाई नहीं करती। श्री कोठारी ने कहा कि इंदौर की इस दुखद घटना से सबक लेते हुए जनहित में पूरे शहर की सीवरेज एवं पेयजल पाइपलाइनों का गहन एवं तकनीकी परीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कहीं भी सीवरेज का गंदा पानी पेयजल में तो नहीं मिल रहा है। साथ ही, सीवरेज लाइन डालने वाली एजेंसी/कंपनी को तत्काल सुधार के लिए आदेशित किया जाए।

एक नजर में

राग रंग म्यूजिकल ग्रुप की ऐतिहासिक प्रस्तुति गुलाब चक्कर में आज

रतलाम। जिला पुरातत्व पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा रतलाम शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक महत्व के गुलाब चक्कर में भोपाल के प्रतिष्ठित राग रंग म्यूजिकल ग्रुप एडं आर्ट फाउंडेशन द्वारा 3 जनवरी शनिवार को प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें राग रंग म्यूजिकल ग्रुप के प्रतिष्ठित गायक एवं आयोजक सुमीत शर्मा, जयदीप सरकार, अमित शर्मा प्रस्तुतियां देंगे।

जैन सोश्यल ग्रुप रतलाम यूथ ने सेवा कार्यों के साथ किया नववर्ष 2026 का शंखनाद

रतलाम। जैन सोश्यल ग्रुप रतलाम यूथ द्वारा नए साल 2026 का स्वागत बेहद अनूठे और सेवाभावी तरीके से किया गया। सेवा के संकल्प के साथ ग्रुप के सदस्यों ने नववर्ष की पहली सुबह जिला बाल चिकित्सालय पहुँचकर वहाँ उपचाराधीन बच्चों के बीच खुशियाँ बांटीं। अस्पताल की आवश्यकताओं को देखते हुए ग्रुप द्वारा 100 नेबुलाइजर मास्क बाल चिकित्सालय के वरिष्ठ डॉक्टर आर .सी .डामोर सर वरिष्ठ नर्स रानी नेल्सन, डॉ दिव्या, डॉ मेघा जी को भेंट किए गए, ताकि बच्चों के उपचार में सुगमता हो सके तथा भर्ती बच्चों को ताजे फल और बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। ग्रुप के सदस्यों ने बच्चों और उनके परिजनों से भेंट कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर ग्रुप के पदाधिकारियों ने बताया कि नए साल के जश्न को केवल स्वयं तक सीमित न रखकर समाज के उन वर्गों के साथ साझा करना, जिन्हें संबल की आवश्यकता है, ग्रुप का मुख्य उद्देश्य है। बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान ने नववर्ष के उत्साह को दोगुना कर दिया है। ग्रुप के अध्यक्ष राहुल छाजेड़ ने बताया कि जैन सोशल ग्रुप रतलाम यूथ भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा प्रकल्पों को निरंतर जारी रखेगा। और समस्त शहरवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। इस दौरान ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष प्रितेश गादिया पूर्व अध्यक्ष सौरभ छाजेड़ ,सौरभ नाहर, विनीत पीपाड़ा,सचिव अभय लोढ़ा, सौरभ मूणत,अभिषेक राका, नवदीप मूणत,अर्पित बोथरा, विकास काकड़ीवाल, डॉ रौनक जैन,अर्पित पाटनी, रितेश छाजेड़, तुषार संघवी,मनीष संघवी,रत्नेश मोदी,प्रतीक कटारिया, आदि अनेक सदस्य और चिकित्सालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

मनोहरसिंह मधुकर हुए अनुगुंज कल्पतरु काव्य सम्मान से सम्मानित

जावरा। शहर के कवि गीतकार वरिष्ठ साहित्यकार मनोहरसिंह चौहान मधुकर को अनुगूज साहित्य पीठ छतरपुर दिल्ली द्वारा श्री मधुकर के साहित्यिक अवदान को सराहते हुए अनुगुंज कल्पतरु काव्य सम्मान विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी द्वारा प्रदान किया गया। इसके पूर्व मधुकर को एफ एम रेडियो एफ 9 प्रतापगढ़ राजस्थान और वरिष्ठ साहित्यकार अदबी उड़ान पत्रिका उदयपुर एव अभिजीत साहित्य संवर्धन सम्मान मंदसौर द्वारा साहित्य संवर्धन हेतु शाल अपर्णा और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। अभी तक श्री मधुकर की चार साहित्यिक कृतियां प्रकाशित हो चुकी है। पांचवी कृति भारत के वीर उत्कर्ष प्रकाशन मेरठ से अपेक्षित है। श्री मनोहर मधुकर शहर की अन्य संस्थाओं अ .आ . साहित्य परिषद, अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन, समग्र मालवा और धार्मिक संस्थाओं से जुड़ सहभागिता प्रदान करते रहते है। श्री मधुकर की इस साहित्यिक उपलब्धि हेतु ईष्ट मित्रों द्वारा बधाई दी गई।

जरूरतमंदों को 818 कंबल वितरण

जावरा। जहाँ एक ओर नववर्ष के अवसर पर समाजसेवी संस्थाएँ उत्सव, पार्टियाँ व पिकनिक मनाकर वर्षांत को विदा कर रही थीं, वहीं जैन सोशल ग्रुप मेन ने भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो को जीवन में उतारते हुए मानव सेवा का संकल्प दोहराया। अध्यक्ष अशोक चोपड़ा ने बताया कि नगर के अनेक धार्मिक स्थलों पर गरीबजन आशा भरी निगाहों से सहायता की प्रतीक्षा करते हैं। इसी भावना के साथ जैन सोशल ग्रुप मेन द्वारा गीता भवन सहित विभिन्न क्षेत्रों में पहुँचकर जरूरतमंदों को ऊनी कंबल भेंट किए गए तथा उनकी कुशलक्षेम पूछी गई। साथ ही बाजार क्षेत्रों में भी जहाँ कहीं गरीब मिले, उन्हें कंबल ओढ़ाकर नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी गई। ग्रुप जरूरतमंदों के साथ-साथ जीव-दया व पशु-पक्षियों की सेवा हेतु निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। पिछले 8 महीनों से मानव सेवा, गरीबों की मदद, पशु-पक्षी सेवा एवं स्कूली बच्चों के सहयोग के कार्य निरंतर जारी हैं। अब तक 818 कंबलों का वितरण किया जा चुका है तथा 1001 कंबल वितरण का लक्ष्य शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव कनेश मेहता, कोषाध्यक्ष विमल सिसोदिया, संयोजक सुभाष डूंगरवाल, नेमीचंद जैन, अशोक डूंगरवाल, प्रदीप सिसोदिया, सुजानमल कोचट्टा, अशोक औरा, प्रदीप सेठिया, शिखर धारीवाल, संजय मेहता एवं तपन व्यास सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

चार लाख आर्थिक सहायता स्वीकृत

रतलाम। अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव द्वारा आदेश जारी कर मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत मृतक रामनारायण पिता शोभाराम पाटीदार की कृषि कार्य करते समय करंट लगने के कारण मृत्यु होने से मृतक के निकटतम वैद्य वारिस पुत्र दशरथ पाटीदार निवासी ग्राम बोरखेड़ा तहसील पिपलोदा जिला रतलाम को राशि रूपये 4,00,000/-(चार लाख रूपये) की आर्थिक सहायता स्वीकृत की।

लोकोमोटिव केयर सेंटर रतलाम को ग्रीनको प्रमाणन में मिली सिल्वर रेटिंग

नवभारत न्यूज

रतलाम। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल स्थित लोकोमोटिव केयर सेंटर (एलसीसी) रतलाम ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते

पर्यावरण संरक्षण में पश्चिम रेलवे का अग्रणी रनिंग शेड

हुए कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) द्वारा प्रदान किए जाने वाले ग्रीनको रेटिंग प्रमाणन में सिल्वर रेटिंग प्राप्त की है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि ग्रीनको रेटिंग उन औद्योगिक एवं कार्यशील इकाइयों को प्रदान की जाती है जो पर्यावरण अनुकूल कार्यप्रणालियों को अपनाते हुए सतत विकास के उच्च मानकों का पालन करती हैं। इस रेटिंग के अंतर्गत हरित संरचना का विकास, अधिकाधिक सौर ऊर्जा का उपयोग, ऊर्जा संरक्षण हेतु कम ऊर्जा खपत वाले दक्ष उपकरणों का प्रयोग, प्रदूषण नियंत्रण के सभी मानकों का कड़ाई से अनुपालन, पर्यावरण अनुकूल सामग्री एवं कलपुर्जों का उपयोग, प्राकृतिक संसाधनों का मितव्ययी उपयोग, बेहतर जल प्रबंधन, अपशिष्ट में कमी, अपशिष्ट का पुन: उपयोग तथा पर्यावरण अनुकूल तरीके से निपटान जैसे बिंदुओं का व्यापक मूल्यांकन किया जाता है। लोकोमोटिव केयर सेंटर रतलाम ने इन सभी मानकों पर प्रभावी रूप से अमल करते हुए अपनी इकाई में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को व्यापक रूप से अपनाया है। विभिन्न सोख्ता गड्ढों के माध्यम से वर्षा जल का संरक्षण कर इसे वॉटर न्यूट्रल यूनिट के रूप में विकसित किया गया है। इसके अतिरिक्त, एफ्लुएंट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से उपयोग किए गए जल का शुद्धिकरण कर पुन: उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण को और मजबूती मिली है। इन सभी प्रयासों के परिणामस्वरूप, लोकोमोटिव केयर सेंटर रतलाम पश्चिम रेलवे का एकमात्र ऐसा रनिंग शेड बन गया है, जिसे ग्रीनको रेटिंग प्रमाणन मे सिल्वर रेटिंग मिला है।

आत्मरक्षा शिविर में गुर सीख छात्राओं ने दी प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

रतलाम। गीता परिवार मध्यप्रदेश एवं शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम के क्रीडा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित

कन्या महाविद्यालय में 'तेजोहम' आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन

'तेजोहम्' पांच दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। अंतिम दिन छात्राओं ने सीखे गुर को सभी के सामने प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में जो भी विकास हो रहा है, उसमें विज्ञान की महती भूमिका रही है। पाश्चात्य प्रभाव के कारण हमारी यह सोच हो गई कि पाश्चात्य चीजें अच्छी हैं, हमारी चीजें अच्छी नहीं है। अगर इस तरह की हीन भावना हमारे बीच आई और आपका आत्मबल कमजोर हो जाए तो आपका विकास नहीं होगा। हम में अभिमान नहीं स्वाभिमान की भावना हो। आत्मविश्वास, आत्मबल और अनुशासन यह तीनों चीजें अति आवश्यक हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर का आयोजन हमारे महाविद्यालय में होना हमारे लिए गर्व की बात है। छात्राओं को यह गुर सीखना अत्यंत आवश्यक है, इसे हमें अपने जीवन में उतारना होगा। अतिथियों का स्वागत डॉ. सुरेश चौहान, डॉ. माणिक डांगे, डॉ. सुनीता श्रीमाल, डॉ. बी वर्षा, डॉ. मीना सिसोदिया ने किया। कु. रूजुलातेरेदेसाई ने गीता के श्लोक का पाठ किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति गीत का गायन किया। निशा गुर्जर, अनुष्का राठौर, ज्योति मालवीय, ऋतु कटारिया ने इस शिविर के अनुभव साझा किए। गीता परिवार मध्यांचल प्रमुख प्रमिला माहेश्वरी (ताई) ने अपनी बात रखी। प्राध्यापक अनुष्का सिंह एवं दीक्षा गुप्ता,डॉ. माणिक डांगे ने आभार माना।

प्रमाण पत्र वितरित किए

5 दिवसीय शिविर में छात्राओं ने जो सीखा उसे सबके समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें विभिन्न आसन, गोपुरम, लाठी-काठी आदि के माध्यम से वातावरण को जोश से भर दिया। अर्जुन युवा मंच के कार्यकर्ता एवं प्रशिक्षक सागर पडियार, चंद्रकांत पंवार, समर्थ पंवार, श्रीधर तथा गौरी खंडेलवाल ने भी कला का प्रदर्शन किया। सभी शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में गीता परिवार मध्यप्रदेश के अध्यक्ष कैलाश सोनी, सचिव निशा शर्मा, रुचि लोखंडे, रतलाम गीता परिवार संयोजक डॉ. श्रीमती अर्चना शर्मा का सक्रिय सहयोग रहा।

पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से कड़ाके की सर्दी

रतलाम। शहर सहित जिले में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई। शुक्रवार सुबह मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला नजर आया। सुबह से घना कोहरा छाया रहा और सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। कोहरे के कारण विजिबिलिटी (दृश्यता) महज 50 मीटर रह गई। दोपहर 1 बजे के बाद कुछ देर धूप निकली, लेकिन वह भी बादलों के साथ लुका-छिपी करती रही। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अब कोहरे और हवाओं के कारण इसमें गिरावट आने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि पहाड़ों पर बर्फबारी और जेट स्ट्रीम का असर मौसम विभाग के मुताबिक, पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से सर्दी का असर बढ़ा है। गुरुवार को जेट स्ट्रीम (ठंडी-गर्म हवा का नदी जैसा प्रवाह) की रफ्तार 222 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई थी। इस वजह से मध्य प्रदेश में रात के तापमान में गिरावट आई है।

युवक ने लगाई फांसी, मौत

रतलाम। खान बावड़ी क्षेत्र निवासी युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार अजय पिता अजित पाल उम्र 27 वर्ष निवासी चोकझुमझुमी पोस्ट राधाकांतपुर थाना दासपुर जिला मदीनीपुर पश्चिम बंगाल हाल मुकाम खान बावडी ने आत्महत्या कर ली। संतोष पिता निरापद ने दीनदयाल नगर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। जहां उसका पीएम कर शव परिजनों को सौंपे दिया। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या करने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

बायपास पर अवैध शराब की तस्करी करते हुए दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

रतलाम। जिले के सैलाना थाना क्षैत्र में अवैध शराब की तस्करी बढ़ती जा रही है। शराब तस्करी के एक मामले में पुलिस ने कार्रवाई की हैं। बताया जा रहा है कि सैलाना बायपास एक ढाबे के पास से अवैध शराब की तस्करी करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से तीन पेटी देशी और अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सैलाना थाना पुलिस को सैलाना बायपास स्थित एक ढाबे पास से अवैध शराब की तस्करी की सुचना मिली। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मोटर सायकिल से शराब की तस्करी करते हुए दो आरोपी कमल पिता उदा भांभर निवासी मकनपूरा सकरावदा और हरीश पिता रकमा निवासी अडवानिया को गिरफ्तार किया। आरोपियों से देशी और अंग्रेजी अवैध शराब की तीन पेटी भी जब्त की है। फिलहाल पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज आरोपी से अवैध शराब के बारे पूछताछ में जुट गई है।

इन्द्रवालखुद सरपंच उप चुनाव में डामोर 188 वोटों से जीते

नवभारत न्यूज

सैलाना। रतलाम जिले के सैलाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इन्द्रावलखुर्द में हुए सरपंच पद के उपचुनाव में राकेश डामोर (कालू डामोर) ने 188 वोटों के अंतर से एक प्रभावशाली जीत दर्ज की है।

जनपद पंचायत सैलाना के रिटर्निंग ऑफिसर कुलभूषण शर्मा ने 02 जनवरी 2026 को आधिकारिक रूप से परिणामों की घोषणा की व जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

राकेश डामोर को भारत आदिवासी पार्टी (बाप) का समर्थन प्राप्त था। इस जीत पर क्षेत्र के विधायक कमलेश्वर डोडियार ने बधाई देते हुए कहा कि यह जीत क्षेत्र के विकास और आदिवासी समाज की एकजुटता का प्रतीक है। वहीं, जिला अध्यक्ष चंदू मईड़ा ने भी इस सफलता पर खुशी जाहिर की और नवनिर्वाचित सरपंच को पंचायती राज व्यवस्था में निष्ठापूर्वक कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।

188 वोटों के इस स्पष्ट बहुमत ने यह साबित कर दिया है कि ग्राम पंचायत की जनता युवा और ऊर्जावान नेतृत्व पर भरोसा कर रही है। नवनिर्वाचित सरपंच राकेश डामोर ने अपनी जीत को क्षेत्र के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं के संघर्ष की जीत बताया है। उन्होंने संकल्प लिया है कि वे पंचायत में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देंगे।

नि :शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित

जावरा। कैलेंडर नववर्ष 2026 के शुभारंभ अवसर पर सेवा आपके द्वार अभियान के अंतर्गत सतत मानव सेवा की भावना को साकार करते हुए लायंस क्लब द्वारा गुरुवार, को कृषि उपज मंडी प्रांगण पिपलोदा में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ डॉ. पवन पाटीदार बीएमओ पिपलोदा, समाजसेवी योगेंद्रसिंह राठौर एवं गजराजसिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष यश जैन एडवोकेट ने कहा, सेवा आपके द्वार अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे आमजन तक पहुँचाना है, ताकि कोई भी व्यक्ति समय, दूरी अथवा आर्थिक कारणों से उपचार से वंचित न रहे। लायंस क्लब जावरा सदैव 'मानव सेवा ही सर्वोच्च धर्म' के सिद्धांत पर कार्य करता आया है। लायंस क्लब जावरा एवं संजीवनी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा यह सेवा कार्य वास्तव में सराहनीय एवं प्रेरणादायी है। शिविर में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक बड़ी संख्या में नागरिकों ने नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। शिविर में सुजानमल कोचट्टा,गोपाल सेठिया, सजी वर्गिस,विपिन चौरडिया, अजय चौरसिया, संजयपुरी गोस्वामी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समापन अवसर पर कोषाध्यक्ष राकेश कोचट्टा ने आभार माना।

धर्म

शिवमहापुराण कथा में बेटियों की गरिमा, चरित्र और संस्कृति पर दिया प्रेरक उद्बोधन

बेटियां हैं तो आज और कल हैं : संत नमन वैष्णव

नवभारत न्यूज

जावरा। स्व. महेंद्रसिंह कालूखेड़ा गौशाला तालीदाना में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा के दौरान राष्ट्र संत नमन वैष्णव ने बेटियों, युवतियों और मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां हैं तो आज है, बेटियां हैं तो कल है, बेटियां ही समाज का राज हैं। उन्होंने कहा कि यदि समाज इस भावना से कार्य करेगा तो बेटियां शिक्षित, सुरक्षित और सशक्त बनेंगी। प्रत्येक बेटी और बहन को अपने चरित्र की रक्षा स्वयं करना सीखना चाहिए, अपने पहनावे, व्यवहार और आचरण पर ध्यान देना चाहिए। माता सीता का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने चरित्र को दिव्य और सुंदर बनाकर भारतीय नारी की मर्यादा को अमर किया। आज के समय में यह और भी अधिक आवश्यक है कि हम भारतीय संस्कृति के अनुरूप जीवन जीएं, जिससे जीवन सत्यम, शिवम, सुंदरम बने। राष्ट्रसंत ने कहा कि जीवन को सही अर्थों में जीना सीखो और हरिनाम व हरिशरण में स्वयं को समर्पित करो। उन्होंने संतों के भावों पर प्रकाश डालते हुए कहा लोग संतों की मुस्कान तो देखते हैं, पर उनका रूदन नहीं देख पाते।

गुरु तत्व ही जीवन का मार्गदर्शक

गुरु की महिमा बताते हुए राष्ट्रसंत ने कहा कि गुरु तत्व जीवन में सबसे बड़ा आधार होता है। संत ईश्वर के प्रतिनिधि होते हैं और उनके सान्निध्य से जीवन में अपार कृपा प्राप्त होती है। जिस व्यक्ति के जीवन में गुरु तत्व प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होता है, वह वास्तव में अत्यंत भाग्यशाली होता है।

वन्देमातरम के साथ हुआ कथा का समापन: कथा समापन पर प्रतिदिन की परंपरा अनुसार राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम' का सामूहिक गायन किया। शुक्रवार को कथा के यजमान प्रेमसिंह सोलंकी भाटखेड़ी रहे। आरती के लाभार्थी केकेसिंह कालूखेड़ा गौशाला संरक्षक, अध्यक्ष गजराजसिंह राठौर, मन्नालाल शर्मा, रामेश्वर पाटीदार, मदनसिंह चौरडिया, चरणसिंह चंद्रावत, कमलेश पाटीदार, रघुवीरसिंह राठौर पिपलिया कराड़िया, भानुप्रताप शुक्ला ताल, राधेश्याम जाट जनपद सदस्य, पिपलौदा, ज्योति पटेल सहायक संचालक, जावरा, दशरथ बैरागी अध्यक्ष, बेहपुर गौशाला, धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया निंबोद। भाजपा संभागीय प्रभारी सुरेश आर्य, जिला प्रभारी प्रदीप पांडे, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजपा जिला युवा अध्यक्ष विप्लव जैन एवं वीरेंद्रसिंह सोलंकी उपस्थित रहे।